# कृषि उपज विपणन मण्डी समिति सोलन, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 1.4.2016 से 31.3.2017

## भाग—एक

**1. प्रारम्भिक**

**(क)** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औधोगिक उपज (विकास एवं विनियम) अधिनियम 2005 की धारा 48(2) के दृष्टिगत, कृषि उपज मण्डी समिति सोलन, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश के अवधि 1.4.2016 से 31.3.2017 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

**(ख) अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान मण्डी समिति, सोलन में अध्यक्ष तथा सचिव के पद पर कार्यरत रहे पदाधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः—**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | पद | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमेश ठाकुर | अध्यक्ष | 1.4.16 से 31.3.17 |
| 2 | श्री भानु शर्मा | सचिव | 1.4.16 से 3.5.16 |
| 3 | श्री प्रकाश कश्यप | सचिव | 4.5.16 से 31.3.17 |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार :—**

**कृषि उपज मण्डी समिति सोलन, हिमाचल प्रदेश के अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.4.2016 से 31.3.2017 में सम्मिलित गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—**

| क्रम संख्या | विवरण | पैरा संख्या | राशि लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | अग्रिम समायोजन हेतु शेष | 5 (क) | 2.92 |
| 2 | निक्षेप कार्यों के लिए जमा राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना | 5 (ख) | 341.33 |
| 3 | दुकानो / गोदामों के किराए की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 8 | 61.74 |
| 4 | बैंकों में जमा राशि का बैंक द्वारा क्रेडिट न देना | 11 | 5.43 |
| 5 | मण्डी शुल्क की कम वसूली करना | 14 | 0.69 |
| 6 | प्राप्त आय को रोकड़ बही में कम जमा दर्शाना | 19 | 0.04 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | मोटर वाहन शीर्ष के अन्तर्गत किए गए अनियमित व्यय बारे | 32 | 1.28 |
| 8 | औपचारिकताऐं पूर्ण किए बिना किया गया अनियमित व्यय | 35 | 25.64 |

**(घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति संलग्न **परिशिष्ट–''क''** पर दर्शाई गई है। गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में वसूली से सम्बन्धित अनेक आपत्तियाँ शामिल है, जिन पर शीघ्र कार्यवाही करके वसूली करने के अतिरिक्त अन्य पैरों का भी निपटारा किया जाए।

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण

मण्डी समिति सोलन के अवधि 1.4.2016 से 31.3.2017 के लेखाओं का अंकेक्षण, श्री पुनीश सागर (अनुभाग अधिकारी), श्री केवल सिंह (अनुभाग अधिकारी) तथा श्रीमती ममता रावल (कनिष्ठ लेखा परीक्षक) द्वारा पूर्वाकेंक्षण प्रणाली के आधार पर किया गया था।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

निवासी अंकेक्षण योजना, मण्डी समिति सोलन में कार्यरत अनुभाग अधिकारी तथा लेखा परीक्षक का वित्त वर्ष 2016–2017 का अंकेक्षण शुल्क ₹1507673 आंका गया, जिसे मण्डी समिति द्वारा चैक संख्याः 601943 दिनांक 17.7.17 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को प्रेषित कर दिया गया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** मण्डी समिति सोलन द्वारा प्रस्तुत मण्डी समिति की वर्ष 2016–2017 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत ब्यौरा इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के साथ संलग्न **परिशिष्ट–''ख''** पर भी दिया गया है।

| **दिनांक 1.4.2016 को आरम्भिक शेष** | |
|---|---|
| रोकड़ तथा बैंक में शेष | 238222911.72 |
| अस्वीकृत चैक | 1687197.00 |
| **कुल योग** | **239910108.72** |
| वर्ष के दौरान प्राप्तियाँ | 116925190.14 |
| **कुल योग** | **356835298.86** |

| | |
|---|---|
| वर्ष के दौरान भुगतान | 54298921.00 |
| दिनांक 31.3.2017 को अन्तिम शेष | 302536377.86 |
| रोकड़ तथा बैंक में शेष | 300849180.86 |
| अस्वीकृत चैक | 1687197.00 |
| **योग** | **302536377.86** |

**दिनांक 31.3.17 को रोकड़ तथा बैंक के अन्तिम शेष का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से हैः–**

| **क्र0सं0** | **विवरण** | **राशि** |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न बैंकों के बचत चालू खातों में जमा राशि (**परिशिष्ट–''ख''** के अनुसार) | 32514414.66 |
| 2 | सावधि जमा में निवेश (**परिशिष्ट–''ख''** के अनुसार) | 268334266.20 |
| 3 | हस्तगत /चैक शेष (**परिशिष्ट–''ख''** के अनुसार) | ....................... |
| 4 | स्थाई अग्रिम | 500.00 |
| | **कुल योग** | **300849180.86** |

**कार्यालय द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त वित्तीय स्थिति में निम्नलिखित आपत्तियाँ पाई गई है जिनके बारे में स्थिति स्पष्ट की जानी अपेक्षित हैः–**

**(1)** वार्षिक लेखों के आय प्राप्ति के विवरण **(परिशिष्ट ए)** के क्रम संख्या 17 पर मीट से प्राप्त मण्डी शुल्क की राशि ₹279274 दर्शाई गई है जबकि लैजर अनुसार यह राशि ₹279254 थी। अतः ₹20 के अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**(2)** इसी परिशिष्ट के क्रम संख्या 27 पर बचत व सावधि जमा खातों से प्राप्त ब्याज की राशि ₹24331833.33 दर्शाई गई जबकि खाता बही के अनुसार ₹24437093.33 थी। अतः ₹105260 के अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**(ख) बैंक समाधान विवरणी**

मण्डी समिति सोलन की दिनांक 31.3.17 को विभिन्न बैंकों के बचत खातों में जमा राशि के अन्तशेष व मण्डी समिति की रोकड़ बही के अन्तशेष में ₹1371568.59 का अन्तर था जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "छ"** में दिया गया है। (बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट "ग"** में संलग्न है)

**(ग) निवेश**

मण्डी समिति, सोलन द्वारा अंकेक्षणाधीन अवधि में सावधि जमा योजना में ₹268334266 की राशि निवेशित थी जिसका विवरण **परिशिष्ट–"घ"** में दिया गया है। मण्डी समिति द्वारा दिनांक 31.3.2017 तक विभिन्न बैंकों में बचत तथा सावधि जमा से सम्बन्धित कुल 28 खाते थे। यह खाते कॉपरेटिव, राष्ट्रीयकृत तथा निजी बैंकों में थे। अतः सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सरप्लस निधि का निवेश हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग के पत्र संख्याः फिन–आई0एफ(ए)1–66/91–v, फाईनैंस डिपार्टमैंट (आई0एफ) शिमला–171002, दिनांक 17.4.2014 में दिए गए निर्देशनुसार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार की अनियमितता बारे गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या–4 (ग) द्वारा भी सरप्लस निधि को निवेशित करने बारे सुझाव दिया गया था परन्तु मण्डी समिति सोलन इस सम्बन्ध में कोई ठोस कार्यवाही अमल में लाई गई प्रतीत नहीं होती है।

**5 अग्रिम**

**(क) अग्रिम ₹2.92 लाख को समायोजन न करने बारे**

अंकेक्षण द्वारा बार–बार आग्रह किए जाने के बावजूद निम्नानुसार कई अग्रिम राशियाँ जोकि पिछले वर्षों से लम्बित पड़ी थी, के समायोजन हेतु कोई प्रयास नहीं किए गए जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा शीघ्र इन राशियों का समायोजन करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्रमांक | दिनांक | बिल संख्या | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19.4.2011 | 43 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 2000 |
| 2 | 23.9.2011 | 291 | पैट्रोल हेतु | 5000 |
| 3 | 1.11.2011 | 375 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 2000 |
| 4 | 6.2.2013 | 449 | शासकीय डाक टिकटों हेतु | 1000 |
| 5 | 17.12.13 | 421 | फार्मों की लोडिंग/अनलोडिंग हेतु | 10000 |
| 6 | 20.01.15 | 504 | नये साल के डायरी व केलेण्डरों के क्रय हेतु | 7000 |
| 7 | 12.01.16 | 448 | नये साल के डायरी व केलेण्डरों के क्रय हेतु | 10000 |
| 8 | 1.10.16 | 337 | पैडस्टल स्टौन हेतु | 20000 |
| 9 | 17.12.16 | 512 | कलैण्डर/स्टेशनरी हेतु | 10000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | 28.12.16 | 526 | फाउण्डेशन स्टोन हेतु | 100000 |
| 11 | 04.01.17 | 546 | जागरूकता शिविर हेतु | 50000 |
| 12 | 04.01.17 | 547 | जागरूकता शिविर हेतु | 25000 |
| 13 | 04.01.17 | 548 | जागरूकता शिविर हेतु | 50000 |
| | | | **कुल योग** | **292000** |

**(ख) डिपोजिट वर्कस के लिए जमा ₹341.33 लाख के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करनाः—**

मण्डी समिति द्वारा प्रस्तुत लेखों के अनुसार दिनांक 31.3.2017 को निम्नविवरणानुसार ₹341.33 लाख हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड तथा अन्य विभागों के पास असामायोजित दर्शाई गई है जिसके उपयोगिता प्रमाण पत्र बोर्ड तथा अन्य विभागों से शीघ्र अतिशीघ्र प्राप्त करके इन राशियों का समायोजन करना सुनिश्चित किया जाए तथा इस राशि के समर्थन में विपणन बोर्ड तथा अन्य विभागों द्वारा जारी मिलान प्रमाण पत्र (Reconcilition Certificate) भी अंकेक्षण को प्रस्तुत किए जाऐं।

| संस्थान का नाम जिसे डिपोजिट वर्क्स की अग्रिम राशि दी गई थी | जितनी राशि दिनांक 31.3.17 को असमायोजित थी | |
|---|---|---|
| हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड शिमला | 30527191 | |
| HPSEB Electrical Division, Parwanoo | 791350 | (टिप्पणी— इस सम्बन्ध में समिति से अंकेक्षण प्रतिवेदन 2015—16 के पैरा संख्या 5 द्वारा भी आवश्यक कार्यवाही करने हेतु कहा गया था परन्तु समिति द्वारा इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।) |
| HPSEB Electrical Division, Solan | 265020 | |
| सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, सोलन | 357700 | |
| AE, Electrical division, parwanoo | 1424930 | |
| HPSEB Kandaghat Solan | 766400 | |
| **कुल योग** | **34132591** | |

**6 पूर्वांकेक्षण में प्रस्तुत बिलों में की गई ₹1.98 लाख की कटौती (Retrechment) करने बारे**

मण्डी समिति सोलन द्वारा वर्ष 2016–17 में प्रस्तुत बिलों में से पूर्व अंकेक्षण के समय ₹198175 की कटौतियाँ विभिन्न बिलों से की गई है। अंकेक्षण द्वारा उपरोक्त दर्शाई गई कटौतियों के अतिरिक्त विभिन्न बिलों को पारित करने से पूर्व व उनमें पाई गई अनियमितताओं के बारे में समिति को अवगत करवाकर आवश्यक सुधार करने उपरान्त ही बिलों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने को कहा गया है जिससे संस्था के लाखों रूपये के अपव्यय को रोककर मण्डी समिति को होने वाली वित्तीय हानि से रोका गया है। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण द्वारा विभिन्न वित्तीय प्रकरणों में समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों का समय–समय पर सही मार्गदर्शन भी किया गया है।

**7 मण्डी समिति द्वारा विभिन्न दुकानों/गोदामों से सम्बन्धित देय प्रतिभूति ₹132.35 लाख का अभिलेख प्रस्तुत न करना**

मण्डी समिति सोलन के वर्ष 2016–17 के तुलन पत्र (परिशिष्ट–ङ) में विभिन्न दुकानो/गोदामों की प्रतिभूति के रूप में ₹13234807.50 की राशि देय दर्शाई गई है जिससे सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण देय प्रतिभूति की राशि की पुष्टि नहीं की जा सकी जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख जाँच हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8 दुकानों के किराये की बकाया राशि ₹61.74 लाख वसूली हेतु शेषः–**

मण्डी समिति द्वारा प्रस्तुत तुलन पत्र के अनुसार दिनांक 31.3.17 को ₹6174229 की राशि विभिन्न मार्किट यार्डों के आबटियों से किराये की बकाया राशि वसूली हेतु शेष दर्शाई गई है जिससे सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण किराए की बकाया राशि की पुष्टि नहीं की जा सकी जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख जाँच हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त चूंकि किराए की राशि की समय पर वसूली न होने के कारण एक तो मण्डी समिति के उक्त किराए की राशि में बढ़ौतरी हो रही है तथा साथ में मण्डी समिति को निवेश पर प्राप्त होने वाले ब्याज से भी वंचित होना पड़ रहा है। अतः उक्त आबंटियों से बकाया किराए की राशि को आबंटन नीति एवं अधिनियम की शर्तों के अनुसार अतिशीघ्र वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9 टर्मिनल मण्डी परवाणू में पट्टे पर आबंटित दुकानों से पटटे की बकाया राशि ₹8.97 लाख वसूली हेतु शेष**

मण्डी समिति सोलन द्वारा टर्मिनल मण्डी परवाणू में विभिन्न कारोबारियों को पट्टे पर दुकाने आबंटित की गई हैं जिनमें से **परिशिष्ट–"च"** के अनुसार दिनांक 31.3.2017 को ₹897409 की राशि विभिन्न पट्टाधारियों से वसूली योग्य शेष थी, जिसकी वसूली हेतु उचित पग उठाये जाने सुनिश्चित किए जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**10 सावधि जमा से सम्बन्धित अभिलेख जाँच हेतु प्रस्तुत न करना**

मण्डी समिति सोलन द्वारा प्रस्तुत वार्षिक लेखें वर्ष 2016–17 के साथ संलग्न सावधि जमा से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस कारण 31.3.17 को सावधि जमा की राशि की जाँच नहीं हो सकी इस सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुए वाँछित अभिलेख शीघ्र अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**11 विभिन्न बैंकों में जमा की गई ₹5.43 लाख की राशि का बैंक द्वारा क्रेडिट न देना**

दिनाक 31.3.17 को जारी बैंक समाधान विवरणी की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार विभिन्न बैंकों में जमा किए गए चैकों की कुल राशि ₹542765 जो दिनांक 31.3.17 के बाद भी सम्बन्धित खातों में जमा नहीं हुई थी। अतः अब इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इस राशि की वसूली बारे उचित प्रयास किए जाएं तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| बैंक का नाम | चैक सं0 | जमा की तारीख | राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| पीएनबी खाता संख्या 0433020100000162 | 198147 | 8.12.16 | 1481 | 31.3.17 के बाद भी राशि जमा नहीं पाई गई |
| | 276062 | 27.3.17 | 49166 | |
| | 87983 | 27.3.17 | 3254 | |
| एचडीएफसी परवाणु खाता संख्या 50100052901831 | 503848 | 14.3.16 | 50000 | |
| | 000003 | 30.4.16 | 60409 | |
| | 022899 | 6.9.16 | 88689 | |
| | 049075 | 27.9.16 | 7406 | |
| | 027384 | 28.9.16 | 94971 | |
| | 050470 | 24.3.17 | 9200 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 616400 | 24.3.17 | 12405 | |
| इण्डसइण्ड बैंक खाता संख्या 100052638809 | 491771 | 31.3.17 | 1143 | |
| | 494972 | 31.3.17 | 19096 | |
| | 699903 | 31.3.17 | 3600 | |
| | 830513 | 31.3.17 | 3600 | |
| | 368367 | 31.3.17 | 3600 | |
| | 092292 | 31.3.17 | 48494 | |
| | 692293 | 31.3.17 | 3600 | |
| | 016440 | 31.3.17 | 3600 | |
| | 663846 | 31.3.17 | 5252 | |
| जे0सी0सी0बी परवाणु खाता सख्या 101534029000024 | 324963 | 31.3.17 | 12257 | खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण वापस किया गया। |
| जे0सी0सी0बी0 सोलन खाता संख्या 101834001006124 | 909403 | 22.3.17 | 5580 | |
| | 262487 | 31.3.17 | 22723 | |
| | 262486 | 31.3.17 | 11179 | |
| आईसीआईसीआई बैंक खाता संख्या 050405000649 | ------ | 24.3.17 | 7395 | राशि स्वाइप मशीन द्वारा जमा की गई दर्शाई गई है परन्तु खाते में जमा नहीं हुई है। |
| | ------ | 25.3.17 | 13700 | |
| बैंक में कम जमा | | 24.3.17 | 400 | पीएनबी सोलन में कम जमा |
| | | 31.3.17 | 400 | पीएनबी सोलन में कम जमा |
| | | 31.3.17 | 2 | पीएनबी सोलन में कम जमा |
| | | 03/2017 | 3 | जेसीसीगबी परवाणु में कम जमा |
| | | 7.11.16 | 160 | यस बैंक में कम जमा |
| | | **कुल** | **₹542765** | |

(अधियाचना संख्या 8 दिनांक 15.9.18)

## 12 बैंक खाते में जमा ₹1.28 लाख की आय का स्त्रोत न बताने बारे

वार्षिक लेखे वर्ष 2016–17 की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार ₹128486 पीएनबी खाता संख्या 0433020100000162 में जमाकर्ताओं द्वारा सीधे तौर पर जमा की गई है परन्तु यह राशि किसने व किस शीर्ष के अन्तर्गत या किस स्त्रोत की आय के तौर पर जमा करवाई गई है, से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया जिस कारण इस राशि के जमा सम्बन्धी सही स्थिति की जाँच नहीं की जा सकी। अतः अब उक्त राशि से सम्बन्धित पूर्ण अभिलेख जाँच हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| जमा की तारीख | राशि |
|---|---|
| 27.10.16 | 36230 |
| 27.3.17 | 10563 |
| 28.3.17 | 50722 |
| 31.3.17 | 3253 |
| 31.3.17 | 1870 |
| 31.3.17 | 1990 |
| 31.3.17 | 4410 |
| 31.3.17 | 7159 |
| 31.3.17 | 12289 |
| **कुल** | **₹128486** |

## 13 बिजली बिलों के भुगतान में पाई गई अनियमितताऐंः–

बिल नं0 90 दिनांक 25.5.16 ₹20063 बिल नं0 304 दिनांक 15.9.16 ₹17829 व बिल नं0 393 दिनांक 24.10.16 ₹128892 के पूर्वांकेक्षण के दौरान निम्नलिखित अनियमितताऐं पाई गईः–

**(क)** निम्नलिखित बिजली के मीटरों से सम्बन्धित बिजली बिलों की जाँच में पाया गया कि बिजली विभाग द्वारा कम यूनिट की खपत पर ज्यादा राशि वसूल की गई है जिसके बारे में सम्बन्धित विभाग से पूछताछ की जाए तदानुसार अंकेक्षण को अवगत किया जाएः–

| मीटर सं0 | खपत की गई यूनिट | चार्ज की गई राशि | खपत की गई यूनिट | चार्ज की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| सीएचसी 2000005 | 427 | 4367 | 211 | 5463 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सीएचसी 2000007 | 627 | 5456 | 325 | 6187 |

**(ख)** मीटर संख्या एसबी 32000061 के 8/16 से 9/16 तक के बिल की राशि में असामान्य बढ़ौतरी पाई गई जिसके लिए स्थिति स्पष्ट की जाएः–

| **अवधि** | **खपत की गई यूनिट** | **चार्ज की गई राशि** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|
| 5/16 से 7/16 | 1198 | 6776 | |
| 7/16 से 8/16 | ———— | 194 | |
| 8/16 से 9/16 | 3242 | 17829 | असामान्य बढ़ौतरी |

**(ग)** मीटर नं0 2640910 खाता संख्या एम (सी) सी–9 के अवधि 1.8.16 से 1.9.16 के बिल की कुल राशि ₹33424 में ₹20375 की राशि एरियर के रूप में सम्मिलित की गई थी जिसके बारे में पूर्वांकेक्षण के समय किसी प्रकार का स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

उपरोक्त अनियमितताऐं पूर्व अंकेक्षण के समय मण्डी समिति के ध्यान में लाई गई थी परन्तु मण्डी समिति ने यह बिल अंकेक्षण के समक्ष पारित करने हेतु पुनः इस आश्वासन के साथ प्रस्तुत किए कि उपरोक्त अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण आवश्यक समायोजन हेतु बिजली बोर्ड के समक्ष उठाए जाऐंगे। अतः मण्डी समिति का समयबद्ध दायित्व होने के कारण तथा बिजली का कनैक्शन कटने से बचाने हेतु यह बिल उपरोक्त अंकेक्षण आपत्तियों का निपटारा करने की शर्त पर अस्थाई रूप से पारित कर दिए गए थे परन्तु मण्डी समिति ने अभी तक उपरोक्त अनियमितताओं बारे की गई कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की ताए तथा उपरोक्त अनियमितताओं बारे आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 14 मण्डी शुल्क ₹0.69 लाख की कम वसूली

मण्डी समिति की वर्ष 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015–16 में प्राप्त मण्डी शुल्क की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार मण्डी समिति सोलन के कारोबारियों/कमीशन एजैन्टो से उनके नाम के आगे दर्शाई गई देय मण्डी शुल्क ₹69387 की कम वसूली की गई जिसे अब हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकी उपज विपणन (साधारण) नियम 2006 के नियम 37 (8) के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि सहित वसूल किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| Name of the Firm | Period/Date of Sale Purchase | M/O Form Number/Page Number | Market Fee Realized | Market Fee to be realized | Market Fee Less Realized |
|---|---|---|---|---|---|
| M/S Baba Nanak Atta Chakki Daduwal, Baddi | 3.2.13 to 31.3.13 | 33152-33153 | 3295 | 3323 | 28 |
| | 1.4.13 to 13.5.13 | 33154-33156 | 6064 | 6077 | 13 |
| | 5.6.13 to 10.2.14 | 33157-33165 | 5534 | 5547 | 13 |
| | | | | **Total** | **54** |
| M/S Rajendra Atta Chakki Nalagarh | 15.6.11 to 18.10.11 | 14/54-15/54 | 5362 | 5425 | 63 |
| | | | | **Total** | **63** |
| M/S Greeply Industries Ltd. Nalagargh | 28.12.11 | 62/02 | 7034 (as per Cash Book of Nalagargh) | 7094 | 60 |
| | 10.5.14 to 23.5.14 | 146/03-147/03 | ------ | 11078 | 11078 |
| | | | | **Total** | **11138** |
| M/S Prakash Agro Industries Baddi | 22.9.10 to 18.10.10 | 0000202 | 4832 | 5632 | 800 |
| | 24.4.11 to 17.5.11 | 0000207 | 7929 | 7999 | 70 |
| | 6.7.13 to 6.8.13 | 0000221 | 10318 | 10324 | 6 |
| | | | | **Total** | **876** |
| M/S BK Enterprises Nalagarh | 8.10.11 to 29.12.11 | 000362 | 9793 | 9843 | 50 |
| | 11.10.12 | 000367 | 1119 | 1188 | 69 |
| | 1.4.15 to 18.6.15 | 00384-385 | 18932 | 19632 | 700 |
| | | | | **Total** | **819** |
| M/S Neki Ram Kishori | 12.11.10 to 5.1.11 | 27/1031-28/1031 | 3129 | 4149 | 1020 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Lal Nalagarh | | | | | |
| | 6.6.15 to 24.6.15 | 43/1031 | 2003 | 3003 | 1000 |
| | | | | **Total** | **2020** |
| M/S Jai Gopal Giripul Rajgarh | 17.4.13 to 27.8.13 | 20/121-23/121 | 22195 | 32195 | 10000 |
| | | 09/121 to 10/121 | ---- | 792 | 792 |
| | | | | **Total** | **10792** |
| M/S Ashok Kumar Giripul Rajgarh | 18.7.11 to 9.9.11 | 33/18-43/18 | 31355 | 32929 | 1574 |
| | 10.5.12 | 45/18 | 569 | 646 | 77 |
| | | | | **Total** | **1651** |
| M/S Shiv Shakti Trader Saproon Solan | 26.9.15 to 27.9.15 | 334537 | 9805 | 9985 | 180 |
| | | | | **Total** | **180** |
| M/S Padam Singh Parveen Kumar Rajgarh | 20.4.10 to 22.4.10 | 06/436 | 267 | 275 | 8 |
| | 12.7.11 | 24/436 | 1462 | 1552 | 90 |
| | 23.7.11 | 25/436 | 1092 | 1104 | 12 |
| | | | | **Total** | **110** |
| M/S Mahasu Apple Trader Solan | 7.9.14 | 367501 | 700 | 715 | 15 |
| | 9.9.14 | 367503 | 850 | 858 | 8 |
| | 9.9.14 | 367503 | 498 | 1532 | 1034 |
| | 10.9.14 | 367504 | 960 | 984 | 24 |
| | 13.9.14 | 367506 | 1104 | 1164 | 60 |
| | 24.9.14 | 367514 | 1120 | 1162 | 42 |
| | 26.9.14 | 367516 | 718 | 768 | 50 |
| | 11.10.14 | 367520 | 800 | 880 | 80 |
| | 13.10.14 | 367521 | 1750 | 1900 | 150 |
| | | | | **Total** | **1463** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| M/S Sanju Apple Trader Solan | 10.6.13 | 0035010 | 450 | 455 | 5 |
| | 12.8.13 | 0035027 | 86 | 410 | 324 |
| | 14.8.13 | 0035029 | 300 | 3000 | 2700 |
| | 16.8.13 | 0035029 | 128 | 248 | 120 |
| | 13.8.14 | 367701 | 200 | 400 | 200 |
| | 28.7.15 | 367710 | 70 | 75 | 5 |
| | | | | **Total** | **3354** |
| M/S Virender Fruit Agency Solan | 31.8.13 to 16.9.13 | 0043706-0043707 | ------ | 24734 | 24734 (Receipt not Shown) |
| | 4.8.14 to 11.8.14 | 0043708-0043709 | 21960 | 22160 | 200 |
| | 13.8.14 | 0043710 | 18 | 180 | 162 |
| | 23.8.14 | 0043711 | 440 | 490 | 50 |
| | | | | **Total** | **25146** |
| M/S Hindustan Uniliver Ltd. Barotiwala Nalagarh | 1.4.13 to 15.4.13 | 0033602 | Nil | 5115 | 5115 (As per Page No. 234 of daily receipt register of Nalagarh R.No. 86/2342 belongs to M/S Tri Dev Spices |
| | | | | **Total** | **5115** |
| M/S Deo baba prodection Deoli, Nalagarh | 20.10.10 to 23.10.10 | 30 | Nil | 1475 | 1475 |
| | 1.9.12 to 25.9.12 | 08309 to 08312 | 6068 | 6078 | 10 |
| | 11.10.13 to 24.10.13 | 08322 to 08324 | Nil | 3281 | 3281 |
| | | | | **Total** | **4766** |
| M/S Lakyan Fruit Co. Solan | 16.8.12 to 30.9.14 | | 255286 | 255960 | 674 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **Total** | **674** |
| M/S Hateshwari Fruit Co. Solan | 4.8.14 to 15.9.15 | | 452240 | 452506 | 266 |
| | | | | **Total** | **266** |
| M/S Noila Fruit Tader Solan | 29.7.14 to 8.8.14 | | 1576071 | 1576291 | 220 |
| | | | | **Total** | **220** |
| M/S Air Plaza Retail Pvt. Ltd. Nalagarh | 1.4.11 to 3.9.15 | | 116632 | 117312 | 680 |
| | | | | **Total** | **680** |
| | | | | **Grad Total** | **69387** |

(अधियाचना संख्या 10 दिनांक 12.7.16, 24 दिनाँक 19.12.16 व 31 दिनांक 25.3.17)

## 15 मण्डी शुल्क से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करना

अंकेक्षण द्वारा लिखित एवं मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के बावजूद भी निम्नलिखित फर्मों के आगे दर्शाई गई अवधि से सम्बन्धित क्यू फार्म अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन फर्मों द्वारा मण्डी समिति के नियमानुसार वाँछित अभिलेख तैयार नहीं किए गए थे, जिस कारण इन फर्मों से देय मण्डी शुल्क का आंकलन नही किया जा सका। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| **क्र0सं0** | **फर्म का नाम** | **अवधि** |
|---|---|---|
| 1 | मै0 बाबा नानक आटा चक्की डाडुवाल बद्दी | 5.1.13 से 16.10.15 |
| 2 | मै0 गिरधारी लाल एग्रो मिल्स बद्दी नालागढ़ | 3.4.09 से 23.6.15 |
| 3 | मै0 राजेन्द्र आटा चक्की किशनपुरा नालागढ़ | 3.4.11 से 16.3.12 |
| 4 | मै0 जीएस फलोर निमस चौकीवाला नालागढ़ | 1.4.11 से 16.10.15 |
| 5 | मै0 प्रकाश एग्रो इण्डस्ट्रीज बद्दी | 21.4.10 से 15.1.15 |
| 6 | मै0 बीके एण्टरप्राईजिज किशनपुरा नालागढ़ | 2.10.10 से 25.9.15 |
| 7 | मै0 नेकीराम किशनलाल बद्दी नालागढ़ | 20.4.09 से 28.9.15 |
| 8 | मै0 जय गोपाल गिरिपुल राजगढ़ | 18.6.09 से 31.03.15 |
| 9 | मै0 अशोक कुमार गिरिपुर राजगढ़ | 26.4.10 से 21.12.14 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | मै0 पदम सिंह परवीन कुमार यशवन्त नगर राजगढ़ | 8.4.10 से 19.12.14 |
| 11 | मै0 शिव शक्ति ट्रेडर सोलन | 2.8.14 से 25.11.15 |
| 12 | मै0 महासु एप्पल ट्रेडर सोलन | 6.9.14 से 31.3.15 |
| 13 | मै0 हरि सिंह चौहान बाई पास सोलन | 6.8.15 से 21.8.15 |
| 14 | मै0 बरागटा फ्रूट कम्पनी सोलन | 13.8.15 से 13.10.15 |
| 15 | मै0 मित्तल एण्ड कम्पनी सोलन | 16.10.10 से 22.03.16 |
| 16 | मै0 सन्जू एप्पल ट्रेडर सोलन | 4.8.12 से 22.10.15 |
| 17 | मै0 ब्रिजेश्वरी एप्पल एजैन्सी सोलन | 21.8.14 से 13.10.14 |
| 18 | मै0 विरेन्द्र फ्रूट एजैन्सी बाई पास सोलन | 30.7.13 से 12.9.15 |

## 16 मण्डी शुल्क की नियमानुसार वसूली न करने के कारण मण्डी समिति को ही रही हानि बारे

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकी उपज विपणन (साधारण) नियम 2006 के नियम 45 (2) जिसका विवरण निम्न प्रकार से दिया गया है, का कडाई से पालन नहीं किया जा रहा है तथा मण्डी समिति की आय देरी से प्राप्त तथा जमा की जा रही है।

"On the agricultural produce brought in the market area for the commercial transaction or for processing, the market fee shall be deposited by the buyer or processor, as case may be, in the office of the Market Committee, within fourteen days but before the sale or resale or processing or export outside the market area of such agricultural produce", परन्तु मण्डी समिति में उक्त नियमानुसार मण्डी शुल्क जमा नहीं करवाया जा रहा है। इस अनियमितता से सम्बन्धित कुछ उदाहरण **परिशिष्ट "ज"** में दिए गए है। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा नियम 45 (3) के अन्तर्गत कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। इसके अतिरिक्त भविष्य में निर्धारित समय अवधि के भीतर मण्डी शुल्क का जमा करवाया जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

## 17 मण्डी शुल्क के निर्धारण (Assesment) हेतु वार्षिक लेखें प्रस्तुत न करना

हिमाचल प्रदेश कृषि एवं औद्यानिकी उपज विपणन (साधारण) नियम 2006 के नियम 37 के अनुसार प्रत्येक कारोबारी को वर्ष के अन्त में निर्णण (Assesment) हेतु अपने वार्षिक

लेखें प्रस्तुत करने होते है ताकि मण्डी समिति अपने स्त्तर पर देय मण्डी शुल्क की बकाया राशि, जुर्माना राशि या अन्य किसी लेनदारी का आंकलन कर सके। उपरोक्त पैरा 15 में दर्शाए गए 18 कारोबारियों से सम्बन्धित उक्त अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए यह अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष अब प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 18 मण्डी शुल्क के निर्धारण से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारे

**(क)** अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित आढ़तियों के उनके सामने दर्शाये गए ओ/एम फार्म सम्बन्धित मण्डी शुल्क की नस्तियों में संलग्न नहीं थे। जिस कारण इन फर्मो से वसूली योग्य मण्डी शुल्क की राशि का सही आंकलन नहीं किया जा सका। अतः इस अनियमितता का औचित्य स्पष्ट करते हुए सम्बन्धित ओ फार्म/एम फार्म अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत किए जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता को न दोहराया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

| क्र0सं0 | फर्म का नाम | ओ/एम फार्म सं0 | सम्भावित अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | मै0 गिरधारी लाल एग्रो मिल्स बद्‌दी नालागढ़ | 43/1490, 48/1490, 50/1490 | ——————— |
| 2 | मै0 प्रकाश एग्रो इण्डस्ट्रीज बद्‌दी | 0000225 से 0000226 | 22.3.14 से 14.7.14 |
| 3 | मै0 बीके एण्टरप्राईजिज किशनपुरा नालागढ़ | 000357, 000378 से 000383 | 4.4.14 से 31.3.15 |
| 4 | मै0 मित्तल एण्ड कम्पनी सोलन | 28/175 से 29/175, 31/175 | |
| 5 | मै0 सन्जू एप्पल ट्रेडर सोलन | 003541 से 003550 | |
| 6 | मै0 विरेन्द्र फ्रूट एजैन्सी बाई पास सोलन | 0043719 से 0043750 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | मै0 जय गोपाल गिरिपुल राजगढ़ | 16/121 से 18/121 (मूल फार्म की जगह छायाप्रति लगाई गई है) | 9.7.11 से 1.6.12 |

**(ख)** विभिन्न फर्मों से प्राप्त मण्डी शुल्क की पड़ताल करने पर पाया गया कि मण्डी शुल्क से सम्बन्धित अभिलेख का ठीक ढ़ंग से रख–रखाव नहीं किया जा रहा है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ओ फार्म में कई जगह कटिंग या ओवरराईटिंग की गई थी। कई फार्मों के सम्बन्धित कालम में रेट वजन का सम्पूर्ण विवरण भी नहीं भरा जा रहा था, जोकि उचित नहीं है। अतः भविष्य में इस अनियमितता की पुनरावृति न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।

**(ग)** मै0 विरेन्द्र फ्रूट एजैन्सी बाई पास सोलन से सम्बन्धित ओ फार्म नं0 334801 से 334805 की पड़ताल से ऐसा प्रतीत होता है कि फर्म का कुल व्यापार ₹4112000 था जिसके लिए नियमानुसार ₹41120 का मण्डी शुल्क बनता था परन्तु फर्म द्वारा ₹20560 का मण्डी शुल्क ही जमा करवाया गया है। अतः मण्डी शुल्क ₹20560 की कम वसूली किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

**(घ)** मै0 गिरधारी लाल एग्रो मिल्स बद्दी नालागढ़ से सम्बन्धित नस्ति के पृष्ठ संख्या 103 पर लगाए वी फार्म अनुसार रसीद नं0 95/2407 दिनांक 22.9.14 द्वारा ₹10823 का मण्डी शुल्क वसूल किया गया है, परन्तु जिस लेनदेन के अभिलेख के आधार पर मण्डी शुल्क की इस राशि की गणना की गई है। वह अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके लिए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए उक्त अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष अब प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 19 चैक पोस्ट कोटी व चक्की का मोड़ में प्राप्त आय से ₹0.04 लाख की कम आय जमा करने बारे

चैक पोस्ट कोटी व चक्की का मोड़ पर विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय की जाँच में पाया गया कि निम्नविवरणानुसार की आय प्राप्त आय से कम जमा की गई थी जिसका औचित्य स्पष्ट करें अन्यथा इसकी वसूली सम्बन्धित से की जाए तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | चैक पोस्ट | रसीद संख्या व दिनांक | राशि | जमा की गई राशि | कम जमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोटी | 245268 दिनांक 14.8.15 | 243 | ——— | 243 |
| 2 | कोटी | 88/2499 से 95/2499 | 4155 | 4135 | 20 |
| 3 | चक्की का मोड़ | 20531 दिनाक 30.10.14 से 20535 दिनांक 31.10.14 | 3654 | ——— | 3654 |
| 4 | नालागढ़ | माह 01/2016 के दैनिक प्राप्ति रजिस्टर अनुसार | 519848 | 519818 | 30 |
| | | | | **कुल** | **3947** |

## 20 दैनिक आय प्राप्ति रजिस्टर व रोकड़ बही में दर्ज आय की राशि में भिन्नता बारे

विभिन्न याड़ों के दैनिक आय प्राप्ति रजिस्टर अनुसार प्राप्त आय कृषि उपज विपणन समिति की मुख्य रोकड़ बही में दर्ज आय के साथ मिलान करते हुए पाया गया कि निम्न विवरणानुसार राशियों में भिन्नता है।

| माह | चैक पोस्ट का नाम | दैनिक आय प्राप्ति रजिस्टर अनुसार राशि | मण्डी समिति की मुख्य रोकड़ बही के अनुसार राशि | अन्तर |
|---|---|---|---|---|
| 8/14 | कोटी व चक्की का मोड़ | 369081 | 385575 | 16494 |
| 9/14 | ———— | 152559 | 136065 | 16494 |
| 10/14 | ———— | 67099 | 70753 | 3654 |
| 01/16 | नालागढ़ | 519818 | 520677 | 859 |
| 02/16 | ———— | 696366 | 695542 | 824 |

अतः उपरोक्त अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा यथोचित अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## 21 कम्पाउंडिंग फीस के वसूली बारे

विभिन्न चैक पोस्टों/मार्किट याडों में प्राप्त होने वाली आय का रोकड़ बही के साथ मिलान करते हुए पाया गया कि विपणन समिति द्वारा कुछ उत्पादों पर कम्पाउंडिंग फीस की वसूली की जा रही थी, से सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके अभाव में वसूली की गई फीस की गणना के सही होने की पुष्टि नहीं की जा सकी।

वसूल की गई कम्पाउंडिंग फीस से सम्बन्धित कुछ उदाहरण संलग्न **परिशिष्ट "झ"** पर दिए गए हैं जिससे यह प्रतीत होता है कि कुछ उत्पादों पर तो एक ही दिन में अलग–अलग दर पर कम्पाउंडिंग फीस भी वसूली की गई थी।

अतः कम्पाउंडिंग फीस की वसूली हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित दरों की प्रति अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई जाए ताकि विभिन्न उत्पादों पर वसूल की जाने वाली कम्पाउंडिंग फीस की राशि की पुष्टि की जा सके। इसके अतिरिक्त भविष्य में भी नियमानुसार निर्धारित दरो पर विभिन्न उत्पादों पर कम्पाउंडिंग फीस की वसूली की जानी सुनिश्चित की जाए।

## 22 विभिन्न रजिस्टरों को तालिका रजिस्टर (Inventory Register) में दर्ज न करना

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि प्रयोग में लाए जा रहे निम्नलिखित महत्वपूर्ण रजिस्टरों को कार्यालय के तालिका रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था जोकि कार्यालय नियमों की अवहेलना है। अतः इन रजिस्टरों को अब तालिका रजिस्टर में दर्ज करने के उपरान्त अंकेक्षण को सूचित किया जाए तथा भविष्य में भी नियमानुसार तालिका रजिस्टरों में इन्द्राज करने के उपरान्त ही नए रजिस्टर का प्रयोग किया जाएः–

| क्र0सं0 | रजिस्टर का नाम |
|---|---|
| 1 | दैनिक प्राप्ति रजिस्टर दिनांक 1.4.15 से आगे, उप मण्डी नालागढ़ |
| 2 | दैनिक प्राप्ति रजिस्टर दिनांक 25.9.13 से आगे चैक पोस्ट चक्की का मोड़ |
| 3 | दैनिक प्राप्ति रजिस्टर दिनाक 31.7.13 से 17.10.13 कोटी बैरियर |
| 4 | दैनिक प्राप्ति रजिस्टर दिनांक 31.7.14 से आगे कोटी बैरियर |

## 23 आय की जाँच के दौरान पाई गई विभिन्न त्रुटियाँ

**(1)** चैक पोस्ट चक्की का मोड़ में रसीद संख्या 245267 दिनांक 14.8.15 राशि ₹243 की डुप्लीकेट कापी हाथ से लिखी गई थी जिस कारण रसीद पर अंकित राशि की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः विपणन समिति अपने स्तर पर जाँच करने उपरान्त स्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें।

**(2)** चैक पोस्ट चक्की का मोड़ की आय का मिलान करते हुए पाया गया कि रसीद बुक संख्या 2500 का दिनांक 6.8.14 से 31.8.14 तक प्रयोग किया गया था जिसमें केवल क्रम संख्या 1 से 19 तक की रसीदें ही प्रयोग में लाई गई थी। शेष क्रम संख्या 20 से 100 तक

की रसीदें आज दिनांक तक प्रयोग नहीं की गई है। जिनका प्रयोग करने बारे आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

**24 न्यायालय के आदेशों की अनुपालना उपरान्त नियुक्ति प्रदान करते समय दोहरे माप दण्ड का अपनाया जाना**

वेतन व भत्तों की बकाया राशि के भुगतान से सम्बन्धित बिल संख्या 47 दिनांक 22.4.16, ₹151459 124 दिनांक 13.6.16 ₹129161 व 125 दिनांक 13.6.16 ₹127862 तथा 263 दिनाँक 11.7.17 ₹61628 के पूर्वाकेंक्षण के दौरान पाया गया कि श्री सन्दीप कुमार, श्री गंगा राम, श्री यशवन्त सिंह व श्री कमल किशोर मण्डी समिति सोलन में 2002/2003 से पार्ट टाइम या दैनिक वेतन भोगी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तौर पर कार्य कर रहे थे। इन कर्मचारियों द्वारा 2015–2016–2017 में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में मामला (केस संख्या 4741/2015, 1173/2016, 1147/2016 व 634/2017) दर्ज करवाया कि दैनिक वेतन भोगी होने के बावजूद इन कर्मचारियों से चूंकि सहायक नीलामी कर्ता का कार्य लिया जा रहा है। अतः दिनांक 29.3.11 को केस संख्या 3200/2010 में पारित निर्णय के आधार पर इन्हें सहायक नीलामी कर्ता का पद व वेतन दिया जाए। उक्त सभी मामलों में अन्तिम निर्णय दिनांक 10.12.15, 13.4.16, 7.4.16 व 14.3.17 को कर्मचारियों के पक्ष में आने के उपरान्त हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड शिमला द्वारा पत्र संख्या एचएमबी (एलसी–ओए नं0 4741 औफ 2015)/2016–368 दिनांक 13.4.16 पत्र संख्या एचएमबी (एल सी–ओए नं0 1173 औफ 2016)/2016–1949 दिनांक 25.5.16, पत्र संख्या एचएमबी (एलसी–ओए 1147 औफ 2016)/2016–1956 दिनांक 25.5.16 व पत्र संख्या एचएमबी (एलसी–ओए नं0 634 औफ 2017)/2017–2257 दिनांक 23.6.17) द्वारा इन कर्मचारियों को दोंहरा मापदण्ड दिखाते हुए अलग–अलग प्रकार की नियुक्ति दी गई है। श्री सन्दीप कुमार, श्री गंगा राम, श्री यशवन्त सिंह, को मामला दर्ज करने की तिथि से 3 वर्ष पूर्व से अनुबन्ध आधार पर सहायक नीलामी कर्ता के पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए 3 वर्ष का एरियर दिया गया जबकि श्री कमल किशोर को मामला दर्ज करने की तिथि से 3 वर्ष पूर्व से दैनिक वेतन भोगी सहायक नीलामी कर्ता के पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए 3 वर्ष का एरियर दिया गया है। इन सभी मामलों के निर्णय का आधार जब एक ही केस 3200/2010 का निर्णय दिनांक 29.3.11 था तो 3 कर्मचारियों को अनुबन्ध का लाभ तथा एक को दैनिक वेतन भोगी सहायक नीलामीकर्ता के पद का लाभ दिया जाना हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड के दोहरे माप दण्ड को दर्शाता है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

अंकेक्षण द्वारा सी0डब्ल्यू0पी0 3200/2010 मामले में याचिका कर्ता को दिए जाने वाले लाभों बारे सूचना मांगी थी तथा उसी आधार पर इन बिलों को नियमित करने का सुझाव दिया था परन्तु न तो निर्णय की प्रति उपलब्ध करवाई गई तथा न ही बिलों को तदानुसार नियमित किया गया जिससे यह ज्ञात कर पाना मुश्किल था कि इन कर्मचारियों को दिए गए लाभ उचित थे या नहीं। अंकेक्षण के मतानुसार यदि सी0डब्ल्यू0पी0 3200/2010 मामले में याचिका कर्ता को क्लर्क की दैनिक दिहाड़ी दी गई थी। इन मामलों में भी कर्मचारियों को सहायक नीलामी कर्ता की दैनिक दिहाड़ी ही दी जानी थी। इसके अतिरिक्त यह अनुमान लगाना भी कठिन है कि जब ये कर्मचारी निर्णय की तिथि से पूर्व पार्ट टाइम या दैनिक वेतन भोगी के तौर पर कार्यरत्त थे तो किस आधार पर इन्हें अनुबन्ध आधार पर नियुक्ति दी गई थी।

अंकेक्षण द्वारा उपरोक्त अनियमितताओं को मण्डी समिति के संज्ञान में लाकर उचित कार्यवाही करने बारे कहा था परन्तु मण्डी समिति ने बिना किसी कार्यवाही के बिल पारित करने हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत कर दिए जिन्हें अंकेक्षण द्वारा इस शर्त पर पारित किया गया था कि मण्डी समिति द्वारा सभी आपेक्षित अभिलेख बाद में अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जाएंगें परन्तु अभी तक अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया गया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तदानुसार वाँछित कार्यवाही करके अंकेक्षण को शीघ्र अवगत करवाया जाए।

(अंकेक्षण अधियाचना संख्या 6 दिनांक 10.6.16, 11 व 12 दिनांक 16.7.16)

## 25 आउटसोर्स पर रखे गए विभिन्न कर्मचारियों को किया गया अनुचित भुगतान

**25.1** **(क)** हिमाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड के पत्र संख्या एचएमबी (बी) 1–6/2013–1–10594 दिनांक 11.2.16 द्वारा मण्डी समिति सोलन को एक मार्किटिंग एग्जीक्यूटिव व एक मल्टी परपज वर्कर आउटसोर्स के माध्यम से 3 माह के लिए रखने हेतु निर्देशित किया था जिसके उपरान्त मण्डी समिति ने मै0 शिमला क्लीनवेज के माध्यम से उक्त 2 कर्मचारियों को रखा था। अंकेक्षण द्वारा इन 2 कर्मचारियों को रखे जाने की आवश्यकता बारे पूछा तो मण्डी समिति द्वारा पत्र संख्या ए/एसएमसी–2–155/2012–3674 दिनांक 24.11.15 में प्रस्तुत उत्तर जिसमें इन 2 कर्मचारियों को रखे जाने का कारण भूतपूर्व सैनिकों के स्थान पर चैक पोस्ट पर कृषि उत्पाद की आवक जावक को प्रविष्टि करने के लिए बताया गया था परन्तु बिल पर अंकित प्रमाण पत्र अनुसार इन कर्मचारियों से आवक जावक की प्रविष्टि के स्थान पर 14 दिनों के अन्दर मण्डी फीस जमा न करने वाली फर्मों की जाँच सम्बन्धी कार्य लिया गया जोकि उक्त पत्र में दर्शाई आवश्यकता से भिन्न था। अतः इससे साफ प्रतीत होता है कि

इन–2 कर्मचारियों को बिना किसी आवश्यकता के रखा गया था जोकि पूर्णतया अनियमित है क्योंकि इस प्रकार के सामान्य कार्य हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मण्डी समिति सोलन में स्वीकृत पदों अनुसार स्टॉफ नियुक्त है। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा आवश्यक कार्यवाही करके अंकेक्षण को सूचित किया जाए।

**(ख)** हिमाचल प्रदेश सरकार (वित्त विभाग) शिमला–2 के पत्र संख्याः फिन–एफ (ए)–(11)–11/2004 दिनांक 5.8.15 द्वारा वाँछित हिमाचल प्रदेश सरकार की पूर्व स्वीकृति अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई थी जिसकी अनुपस्थिति में निम्न भुगतान ₹212303 की पुष्टि नहीं की जा सकी जिसके लिए स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इसे अतिशीघ्र आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए।

| **क्र0सं0** | **बिल नं0 व दिनांक** | **अवधि** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 21 दिनांक 6.4.16 | 17.2.16 से 31.3.16 | 34011 |
| 2 | 83 दिनांक 13.5.16 | अप्रैल 2016 | 23487 |
| 3 | 134 दिनांक 18.6.16 | मई 2016 | 23487 |
| 4 | 175 दिनांक 14.7.16 | जून 2016 | 23590 |
| 5 | 230 दिनांक 9.8.16 | जुलाई 2016 | 23590 |
| 6 | 296 दिनांक 8.9.16 | अगस्त 2016 | 23590 |
| 7 | 348 दिनांक 5.10.16 | सितम्बर 2016 | 23590 |
| 8 | 442 दिनाक 15.11.16 | अक्तूबर 2016 | 23590 |
| 9 | 518 दिनांक 19.12.16 | 1.11.16 से 17.11.16 | 13368 |
| | | **कुल** | **₹212303** |

**25.2 (क)** बिल नं0 316 व 317 दिनांक 19.9.16 ₹71149 का पूर्वांकेक्षण के दौरान पाया गया कि मण्डी समिति सोलन द्वारा सीजन (3 माह) हेतु मै0 शिमला क्लीनवेज के माध्यम से आउटसोर्स पर 8 नं0 अतिरिक्त कर्मचारी (2 मार्किटिंग एग्जीक्यूटिवव 6 मल्टी परपज वर्कर) रखते थे परन्तु हिमाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड/मण्डी समिति द्वारा अपनाई गई टैण्डर प्रक्रिया सम्बन्धित अभिलेख इकरारनामा नियम व शर्तें जिनके आधार पर इन कर्मचारियों को रखा गया था अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया था जिसके लिए स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इसे अतिशीघ्र आवश्यक जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए।

**(ख)** हिमाचल प्रदेश सरकार (वित्त विभाग) शिमला–2 के पत्र संख्या फिन–एफ (ए)–(11)–11/2004 दिनांक 5.8.15 द्वारा वाँछित हिमाचल प्रदेश सरकार की पूर्व स्वीकृति अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई थी जिसकी अनुपस्थिति में निम्न भुगतान ₹305890 की पुष्टि नहीं की जा सकी जिसके लिए स्थिति स्पष्ट की जाए तथा इसे अतिशीघ्र जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाए।

| **क्र0सं0** | **बिल नं0 व दिनांक** | **अवधि** | **राशि** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 316, 317 दिनांक 19.9.16 | 22.7.16 से 31.8.16 | 71148 | |
| 2 | 381 दिनांक 19.10.16 | 09/2016 | 107541 | |
| 3 | 454 दिनांक 23.11.16 | 10/2016 | 93442 | |
| 4 | 518, 519 दिनांक 19.12.16 व 584, 585 दिनांक 18.1.17 | 11 व 12/2016 | 33758 | बिल की कुल राशि क्रमशः 107116, 2186, 87283, 1781 जिसमें दूसरे शीर्ष के अन्तर्गत आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन सम्मिलित है। |
| | | **कुल** | **₹305890** | |

**(ग)** हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड शिमला के पत्र संख्या एचएमबी (बी) 1–6/2013–1–4805 दिनांक 25.7.16 द्वारा ही उपरोक्त कर्मचारियों को केवल 3 माह के सेब सीजन हेतु ही रखा जाना था तथा इसी कार्यालय के पत्र संख्या 8354 दिनांक 26.10.16 अनुसार दिनांक 25.10.16 को सेब सीजन समाप्त हो चुका था परन्तु इन कर्मचारियों के वेतन के भुगतान हेतु 3 माह की अवधि की गणना उनकी कार्य ग्रहण की तिथि से की गई थी जोकि अंकेक्षण अनुसार उचित नहीं था तथा ऐसा प्रतीत होता था कि ऐसा करके मण्डी समिति या बोर्ड द्वारा उक्त फर्म को या रखे गए कर्मचारियों को जानबूझ कर अनुचित वित्तीय लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। ऐसा करने से कमेटी कोष से निम्न विवरणानुसार कुल 150 कार्य दिवसों के लिए किए गए भुगतान ₹44851 का दुरूपयोग किया गया प्रतीत होता है जिसके लिए स्थिति स्पष्ट करें।

| **क्र0सं0** | **नाम** | **पद** | **3 माह की अवधि** | **कार्य ग्रहण की तिथि** | **अन्तिम कार्य दिवस** | **अतिरिक्त कार्य दिवस** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री चन्दन ठाकुर | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 8.8.16 | 28.10.16 | 3 |
| 2 | कु0सलमा | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 1.8.16 | 31.10.16 | 6 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| 3 | श्री विनोद कुमार | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 16.8.16 | 15.11.16 | 21 |
| 4 | श्री सुनील कुमार | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 16.8.16 | 15.11.16 | 21 |
| 5 | श्री अनिल कुमार | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 20.8.16 | 19.11.16 | 25 |
| 6 | कु0 किरण | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 1.9.16 | 30.11.16 | 36 |
| 7 | श्री भूपेश कुमार | एम0पी0 डब्ल्यू | 25.7.16 से 25.10.16 | 5.9.16 | 3.12.16 | 38 |
| | | | | | **कुल** | **150 दिन** |

**25.3 राष्ट्रीय कृषि बाजार के अन्तर्गत आउटसोर्स पर रखे गए 6 कर्मचारियों को किया गया ₹3.69 लाख का अनुचित भुगतान**

**(क)** बिल संख्या 518, 519 दिनांक 19.12.16 व 584, 585 दिनांक 18.1.17 के पूर्वाकेंक्षण के दौरान पाया गया कि हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड शिमला के पत्र सख्या एचएमबी (बी) 1–6/2013–1–8682 दिनांक 4.11.16 तथा 8869 दिनांक 9.11.16 द्वारा मै0 शिमला क्लीनवेज को कुल 6 मार्किटिंग एग्जीक्यूटिव मण्डी समिति सोलन हेतु उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे। ये कर्मचारी मण्डी समिति सोलन के मांग पत्र संख्या ए/एसएमसी–1721 दिनांक 1.10.16 तथा ए/एसमएसी–1–72/2016–1906 दिनांक 9.11.16 के सन्दर्भ में उपलब्ध करवाए गए थे जिसके अनुसार सचिव मण्डी समिति सोलन ने सूचित किया था कि राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के डी0एम0आई0 ने इस योजना के अन्तर्गत 6 कर्मचारी नियुक्त करने हेतु निर्देशित किया है। परन्तु लेखा परीक्षा के मांगे जाने पर भी मण्डी समिति सोलन ने डी0एम0आई0 की उक्त प्रति लेखा परीक्षा को उपलब्ध नहीं करवाई जिससे कि यह जाँच हो सकती कि राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के डी0एम0आई0 ने इस योजना के अन्तर्गत कितने व किस श्रेणी के कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। अंकेक्षण द्वारा बिल पर आपत्ति दर्ज कर यह भी पूछा था कि इन कर्मचारियों के नियुक्त किए जाने हेतु मण्डी समिति सोलन कार्यालय में अतिरिक्त कार्यभार सम्बन्धी स्थिति स्पष्ट की जाए परन्तु अंकेक्षण आपत्ति पर कार्यालय का जवाब था कि इन कर्मचारियों को कार्यालय के विविध कार्यों के निष्पादन हेतु

रखा गया है। इस प्रकार इन 6 कर्मचारियों को रखे जाने का उचित कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

**(ख)** बिल के साथ संलग्न पत्र संख्या एचएमबी (बी) 1–6/2013–1–8682 दिनांक 4.11.16 की अनुपालना में आउटसोर्स फर्म मै0 शिमला क्लीनवेज ने कुमारी रूपा ठाकुर के पत्र में नियुक्ति पत्र संख्या एससी/एपीपी/एपीएमसी–डीईपीटीटी–115 दिनांक 1.11.16 जारी कर दिया था। अतः मांग पत्र से 3 दिन पूर्व ही नियुक्ति पत्र का जारी किया जाना उचित प्रतीत नहीं हुआ जिस बारे अंकेक्षण द्वारा स्थिति स्पष्ट करने का कहा था परन्तु अभी तक इस बारे में किसी प्रकार की अनुपालना अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत नहीं की गई है।

**(ग)** इसके अतिरिक्त हिमचल प्रदेश सरकार (वित विभग) शिमला–2 के पत्र संख्या फिन–एफ (ए)–(11)–11/2004 दिनांक 5.8.15 द्वारा वाँछित हिमाचल प्रदेश सरकार की पूर्व स्वीकृति अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई थी जिसकी अनुपस्थिति में निम्न विवरणानुसार ₹369097 के भुगतान की पुष्टि नहीं की जा सकी।

| **क्र0सं0** | **बिल नं0 व दिनांक** | **अवधि** | **राशि** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 518, 519 दिनांक 19.12.16 | 11/2016 | 54488 | बिल में चालक का वेतन भी सम्मिलित था। अतः इस सारणी में केवल 6 मार्किटिंग एग्जीक्यूटिव का वेतन ही दर्शाया गया है। |
| 2 | 584, 585 दिनांक 18.1.17 | 12/16 | 77324 | –यथोपरि– |
| 3 | 621, 622 दिनांक 7.2.17 | 01/17 | 79095 | –यथोपरि– |
| 4 | 701, 702 दिनांक 15.3.17 | 02/17 | 79095 | –यथोपरि– |
| 5 | 11, 12 दिनांक 10.4.17 | 03/17 | 79095 | –यथोपरि– |
| | | **कुल** | **369097** | |

अंकेक्षण द्वारा उपरोक्त अनियमितताओं को मण्डी समिति के संज्ञान में लाकर उचित कार्यवाही करने बारे कहा था परन्तु मण्डी समिति ने बिना किसी कार्यवाही के बिल पारित करने हेतु अंकेक्षण के समक्ष प्रस्तुत कर दिए जिन्हें इस शर्त पर पारित कर दिया गया था कि आवश्यक अभिलेख जाँच हेतु अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा जिस बारे अभी तक भी

अंकेक्षण को अवगत नहीं करवाया गया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा तदानुसार वाँछित कार्यवाही करके अंकेक्षण को शीघ्र अवगत करवाया जाए।

(अधियाचना संख्या 1 दिनांक 26.4.16, 19 दिनांक 1.10.16, 22 दिनांक 3.12.16 व 28 दिनांक 3.2.17)

**26 माननीय उच्च न्यायालय में जमा करवाए गए ₹8819465 का बजट प्रावधान प्रस्तुत करने बारे**

बिल नं0 72 दिनांक 9.5.16 ₹8799481 तथा बिल नं0 148 दिनांक 29.6.16 ₹19984 लेखा परीक्षा में पारित करने हेतु प्रस्तुत किए गए थे जिनकी जाँच करने पर पाया गया कि यह राशि निर्माण कार्य Expansion and modernization of RM Yard Kather Soln से सम्बन्धित कार्य के लिए Sole Arbitrator (District And Session Judge) द्वारा श्री अरूण कुमार ठेकेदार के पक्ष में आए निर्णय के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु जमा करवानी थी। अंकेक्षण के दौरान पाया कि इस मद हेतु बजट प्रावधान नहीं था। अतः कार्य के निष्पादन हेतु प्रशासनिक सचिव की वित्तीय स्वीकृति/अनुमोदन अनिवार्य था जिस बारे अंकेक्षण ने मण्डी समिति कार्यालय को सूचित किया था। परन्तु मण्डी समिति कार्यालय ने इस आश्वासन के साथ बिल वापस कर दिया कि बजट प्रावधान प्राप्त करके दिखा दिया जाएगा। कार्य की अनिवार्यता को देखते हुए बिल को प्रशासनिक सचिव से अनुमोदन/वित्तीय स्वीकृति व बजट प्रावधान प्राप्त करने की शर्त पर पारित कर दिया था परन्तु अभी तक मण्डी समिति कार्यालय द्वारा अंकेक्षण को किसी प्रकार की कृत कार्यवाही से अवगत नहीं करवाया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करके अंकेक्षण को सूचित किया जाए।

(अधियाचना संख्या 2 दिनांक 10.5.16)

**27 राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के अन्तर्गत किए गए व्यय में पाई गई अनियमितताएँ**

